हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 26 जनवरी 2025, समय 1305 (5 मिनट)

राष्ट्र आज 76वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। नई दिल्ली में कर्तव्य-थ र आयोजित समारोह में राष्ट्रति द्रौदी मुर्मु देश का नेतृत्व किया। समारोह की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्रीय समर स्मारक जाने से हुई जहां उन्होंने शहीदों को ुष्ांजलि अर्ित की।इससे हले, राष्ट्रति द्रौदी मुर्मु इंडोनेशिया के राष्ट्रति प्रबोवो सुबिआंतो के साथ ारंरिक बग्गी में कर्तव्य-थ र हुंची। राष्ट्रति मुर्मु ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया जिसके बाद 21 तोों की सलामी दी गई और राष्ट्रगान हुआ।इस वर्ष की रेड में इंडोनेशिया से 160 सदस्यों की मार्चिंग टुकड़ी और 190 सदस्यों वाले बैंड ने भी भागीदारी की। रेड में विभिन्न राज्यों और केन्द्र सरकार के कार्यालयों की 31 झांकियां प्रस्तुत की गईं, जिनका मुख्य विषय - स्वर्णिम भारत, विरासत और विकास था।रेड का समान 47 विमानों के फ्लाईास्ट से हुआ ।इस वर्ष की रेड में देश और समाज के निर्माण में योगदान करने वाले 10 हजार लोगों को विशिष्ट अतिथि के तौर र आमंत्रित किया गया । इनमें सरंच, हथकरघा और हस्तशिल कारीगर, स्व-सहायता समूहों के सदस्य, आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा सड़क निर्माण से जुड़े कामगार शामिल हैं।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गणतंत्र दिवस र देशवासियों को बधाई दी है। एक सोशल मीडिया ोस्ट में उन्होंने कहा कि हम उन सभी महान विभूतियों को नमन करते हैं, जिन्होंने हमारा संविधान बनाकर यह सुनिश्चित किया कि हमारी विकास यात्रा लोकतंत्र, गरिमा और एकता र आधारित हो।यह राष्ट्रीय उत्सव हमारे संविधान के मूल्यों को संरक्षित करने के साथ ही एक सशक्त और समृद्ध भारत बनाने की दिशा में हमारे प्रयासों को और सुदृढ़ करे।

****

हरियाणा में भी आज गणतंत्र दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। प्रदेश में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन फरीदाबाद में किया गया। यहां राज्य□ाल बंडारू दत्तात्रेय ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और अब □रेड से सलामी ली। इससे □हले राज्य□ाल ने सेक्टर 12 स्थित युद्ध स्मारक □र जाकर शहीदों को श्रद्धांजलि अ□िंत की और उनकी वीरता को नमन किया। गणतंत्र दिवस समारोह को संबोधित करते हुए राज्य□ाल ने कहा कि ये दिन सविंधान और लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान करने का प्रतीक है। राज्य□ाल ने प्रदेश की विकास में युवाओं और नागरिकों की भागीदारी □र जोर दिया। राज्य□ाल ने प्रदेश सरकार की उ□लब्धियां गिनाते हुए कहा

इस अवसर □र कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए जिनमे हरियाणा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक दिखाई दी। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रेवाड़ी में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और □रेड की सलामी ली। भिवानी के भीम स्टेडियम में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और मार्च □ोस्ट से सलामी ली। केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में भी गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया जा रहा है। आज चंडीगढ़ के सेक्टर 17 □रेड ग्राउंड में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया जिसमें चंडीगढ़ के मुख्य सचिव राजीव वर्मा मुख्यातिथि के रु□ में शामिल हुए और उन्होंने □रेड का निरिक्षण किया।

****